6 राज्य • 2 केंद्रशासित प्रदेश • 21 संस्करण

अमर उजाला

• राजधानी
वर्ष 18 | अंक 43
पृष्ठ : 12+4
मूल्य : तीन रुपये

नई दिल्ली
शनिवार, 23 मई 2020
amarujala.com

संक्रमण से बचना है तो पहले धोएं हाथ ...फिर छुएं नाक, मुंह, आंख और चेहरा

बिल्डरों ने रेरा से एक साल का समय मांगा

ग्रेटर नोएडा। गौतम बुद्ध नगर व गाजियाबाद के बिल्डरों ने यूपी रेरा से अधूरे प्रोजेक्टों को पूरा करने के लिए छह माह के बजाय एक साल का समय मांगा है। बिल्डरों ने लेबर की समस्या और आर्थिक दिक्कतों का हवाला दिया है। यूपी रेरा ने बीते बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए संवाद कर बिल्डरों को छह माह का समय दिया है। रेरा ने आदेश में कहा था कि 25 मार्च या उसके बाद जिन परियोजनाओं को पूरा करने की तिथि खत्म हो रही है उनको छह माह और समय दिया जा रहा है। अब बिल्डरों ने इन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए इसे एक साल करने की मांग की है। गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एक साल का समय दिया जाना चाहिए। इस समय डेवलपर के सामने लेबर और लिक्विडिटी की समस्या है। महागुन के निदेशक धीरज जैन ने कहा कि अगर रेरा एक साल का समय दे देता है तो डेवलपर डिफॉल्टर होने से बच सकेंगे। ब्यूरो

गौड़ ग्रुप के सीएमडी मनोज गौड़ ने कहा कि मौजूदा हालात को देखते हुए अधूरे प्रोजेक्ट को पूरा करने के लिए एक साल का समय दिया जाना चाहिए। इस समय डेवलपर के सामने लेबर और लिक्विडिटी की समस्या है।